FROM No.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ...सहायक कलक्टर (SDO)... मुकाम ...............

जसुराम ... बनाम ... तहसीलदार आदि

किस्म मुकदमा ...राजस्व आवेदन... नं. ...126... सन ...2019...

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 9/4/2019 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री ...कुम्भाराम-चौधरी... ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा ...131, 136... राजस्थान काश्तकारी/भू राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोंडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक ...13/5/19... को पेश हो। | |
| 13/05/19 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगणों के नोटिस तामील जरिए तामील अप्राप्त। पीठासीन अधिकारी चुनाव कार्य में व्यस्त होने से मिसल इल्तवा होकर आगामी दिनांक 11/06/19 को पेश हो। | |
| 11/06/19 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय रक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यो में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 19/08/19 को पेश हों। | |
| 19/08/19 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगणों के नोटिस तामील जरिए तामील अप्राप्त। इन्तजार होकर पत्रावली दिनांक 25/09/19 को पेश हो। | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.18 18:48:50 IST
Reason: SelfAttested

25/09/19 प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगण का नोटिस तामिल फेरा तामिल अप्राप्त / प्रार्थी वकील विप्रार्थीगण का नोटिस पुनः पेश करे। पेश होने पर जारी होकर पत्रावली दिनांक 04/11/19 को पेश हो।

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु

04/11/19 प्रार्थी वकील उपस्थित / प्रार्थी वकील द्वारा विप्रार्थीगण का नोटिस पुनः पेश नहीं किया गया, फाईल पेश करना चाहते है। निवेदन किया जाकर पत्रावली फाईल दिनांक 06/01/2020 को पेश हो।

सहायक कलक्टर
(SDO) बायतु

06/01/2020 प्रार्थी वकील उपस्थित / प्रार्थी वकील द्वारा विप्रार्थीगण का नोटिस पुनः पेश किया गया जो जारी होकर पत्रावली फाईल दिनांक 22/01/2020 को पेश हो।

सहायक कलक्टर
(SDO) बायतु

22/01/2020 प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगण संख्या-1 तहसीलदार बायतु का नोटिस तामिल शुदा प्राप्त जिसे शामिल पत्रावली किया गया / सीमान्त पीठासीन अधिकारी चुनाव कार्य में व्यस्त होने से मिसल इलतवा होकर आगामी दिनांक 11/02/2020 को पेश हो।

सहायक कलक्टर
(SDO) बायतु

11/02/2020 प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगण संख्या-1 तहसीलदार बायतु बावजूद तामील अनुपस्थित / न्यायालय समय तीन बार आवाज लगाई गई अन्तिम आवाज 5.45 PM पर लगाई गई तहसीलदार बायतु स्वयं या उनकी ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ व जवाब पेश नहीं किया गया लिहाजा तहसीलदार बायतु अनुपस्थित रहने से उनके विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है प्रार्थी के अधिवक्ता की एकपक्षीय बहस सुनी गई प्रार्थी के

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.18 18:48:50 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण संख्या-1 से 3 के संयुक्त खातेदारी की भूमि मौजा- नगोणी धनरवालों की ढाणी पटवार मण्डल- नगोणी धनरवालों की ढाणी तहसील-बायतु जिला- बाड़मेर में खसरा नम्बर- 1091/1052 रकबा- 27.10 बीघा व प्रार्थी संख्या- 4 की भूमि खसरा नम्बर -1052 रकबा- 17.05 बीघा आई हुई है इस प्रकार प्रार्थीगण संख्या- 1 से 3 का रकबा -27.10 बीघा व प्रार्थी संख्या- 4 का रकबा- 17.05 पर कब्जा काश्त निर्बाध रूप से चला आ रहा है। प्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर -1091/1052 व 1052 पहले मूल रूप से एक ही खसरा नम्बर -1052 का भाग थे जो प्रार्थीगणों ने आपसी सहमति से तहसीलदार बायतु से वर्ष-2004 में बंटवारा करवाया, जिस बंटवारे में प्रार्थी संख्या-1 से 3 का भूमि के उतरी छोर पर 27.10 बीघा भूमि व दक्षिण भाग सड़क पर प्रार्थी संख्या-4 का 17.05 बीघा भूमि पर कब्जा काश्त होना बंटवारे के साथ संलग्न नक्शे में स्पष्ट रूप से दर्शाकर बंटवारा किया गया तथा मौके पर आपसी बंटवारा भी इसी तरह उतरी भाग की तरफ प्रार्थी संख्या-1 से 3 तथा दक्षिण छोर की तरफ सड़क पर प्रार्थी संख्या-4 का कब्जा काश्त था जो आज दिन तक चला आ रहा है इस प्रकार बंटवारा मौके पर कब्जे काश्त अनुसार सही किया गया तथा सही नक्शा बंटवारे के साथ पेश किया गया तथा लट्ठा ट्रेस में तरमीम भी सही रकबे की की गई परन्तु राजस्व जमाबन्दी में जब बटवारे के अनुसार खसरा नम्बर दर्ज किया तब राजस्व अधिकारियों ने भूलवंश उल्टे खसरा नम्बर व रकबा दर्ज कर दिया अर्थात प्रार्थी संख्या- 1 से 3 के हिस्से में आया खसरा नम्बर -1091/1052 रकबा 27.10 बीघा दर्ज न कर खसरा नम्बर- 1052 रकबा- 27.10 बीघा प्रार्थी | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.18 18:48:50 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
|---|---|

1 से 3 के नाम दर्ज कर दिया जबकि वास्तव में प्रार्थी संख्या- 1 से 3 के नाम से खसरा नम्बर- 1091/1052 रकबा- 27.10 बीघा व प्रार्थी संख्या- 4 के नाम से खसरा नम्बर- 1052 रकबा- 17.05 बीघा दर्ज बंटवारे में किया था परन्तु राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों ने ऐसा न कर इसके उल्टा राजस्व रेकर्ड जमाबंदी में अमलदरामद कर दिया जो आज दिन तक लगातार चला आ रहा है। जो गलत दर्ज है जिस कारण प्रार्थीगण मौके पर कब्जा काश्त के अनुसार भूमि राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करवाकर राजस्व रेकर्ड में दुरस्ती करवाना चाहते हैं।

हमने पत्रावली व पत्रावली के संलग्न राजस्व रेकर्ड चालू जमाबन्दी, नजरी नक्शा तथा तहसीलदार बामड़ द्वारा किये गये विभाजन के संलग्न नक्शा दिनांक- 14.12.2004 का अवलोकन किया गया तहसीलदार बामड़ द्वारा विभाजन करते समय मौजा नगोणी धतरवालों की ढाणी पटवार मण्डल- नगोणी धतरवालों की ढाणी तहसील- बामड़ के मूल खसरा नम्बर- 1052 में से 27.10 बीघा भूमि प्रार्थीगण संख्या- 1 से 3 को व 17.05 बीघा भूमि प्रार्थी संख्या- 4 को दी गई थी तथा इसी अनुसार प्रार्थीगणों का कब्जा काश्त था। तथा लट्ठा ट्रेस में भी इसी अनुसार तरमीम की गई है। परन्तु वर्तमान जमाबंदी में प्रार्थीगण संख्या- 1 से 3 के नाम खसरा नम्बर- 1052 रकबा- 27.10 बीघा व प्रार्थी संख्या- 4 के नाम खसरा नम्बर- 1091/1052 रकबा- 17.05 बीघा दर्ज किया गया जो गलत दर्ज किया गया है। जबकि प्रार्थीगण संख्या- 1 से 3 के नाम खसरा नम्बर- 1091/1052 रकबा- 27.10 बीघा व प्रार्थी संख्या- 4 के नाम खसरा नम्बर- 1052 रकबा- 17.05 बीघा दर्ज किया जाना था।

अतः प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनने पत्रावली व पत्रावली के संलग्न राजस्व रेकर्ड तथा तहसीलदार बामड़ द्वारा किये गये विभाजन दिनांक- 14.12.2004 का नक्शा [illegible]

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.18 18:48:50 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| | के बाद प्रार्थीगणों द्वारा प्रस्तुत राजस्व आवेदन को स्वीकार किया जाकर विवादित आराजी मौजा-नगोनी धलवालों की ढाणी पटवार मण्डल-नगोनी धलवालों की ढाणी तहसील-बायतु में प्रार्थीगण संख्या-1 से 3 के नाम जमाबन्दी में दर्ज खसरा नम्बर-1052 रकबा-27.10 बीघा के स्थान पर खसरा नम्बर-1091/1052 रकबा-27.10 बीघा व प्रार्थी संख्या-4 के नाम दर्ज खसरा नम्बर-1091/1052 रकबा-17.05 बीघा के स्थान पर खसरा नम्बर 1052 रकबा-17.05 बीघा राजस्व रेकर्ड में दुरस्त किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार बायतु इसी अनुसार जमाबंदी में अमलदरामद करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो दाखिल दफ्तर हो।<br>[signature]<br>सहायक कलक्टर (SDO) बायतु<br>[illegible].2020 | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.18 18:48:50 IST
Reason: SelfAttested